# (DATA COLLECTION TECHNIQUE : INTERVIEW)

**साक्षात्कार का अर्थ** (Meaning of interview)—साक्षात्कार एक शोध-प्रविधि (research technique) या अनुसंधान उपकरण (research tool) है। इसके द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में आवश्यक सूचनायें (informations) या आँकडे (data) प्राप्त किये जाते हैं। शोधकर्ता (researcher) सूचनादाताओं (respondents) से कुछ आवश्यक प्रश्न पूछता है और उनके द्वारा दिये गये उत्तरों के आधार पर संगत सूचनायें या आँकड़े प्राप्त करता है। प्रश्न-पूछने वाले को साक्षात्कारकर्ता अर्थात् साक्षात्कार लेने वाला (interviewer) और उत्तर देने वाले को सूचनादाता अर्थात् साक्षात्कार देने वाला (interviewee) कहते हैं। अत: **"साक्षात्कार वह प्रविधि है जिसके द्वारा आमने-सामने की परिस्थिति में साक्षात्कार लेने वाला साक्षात्कार देने वाले से तात्विक सूचनायें प्राप्त करने का प्रयास करता है।"**[1]

भिन्न-भिन्न मनोवैज्ञानिकों ने 'साक्षात्कार' को परिभाषित करने का प्रयास किया है। वाइटलेस (Viteles, 1964) के अनुसार, **"साक्षात्कार वह सम्मेलन है जो साक्षात्कार लेने वाले और साक्षात्कार देने वाले के बीच घटित होता है।"**[2]

इसी प्रकार **चैपलिन** ने साक्षात्कार की परिभाषा देते हुए कहा है कि **"साक्षात्कार आमने-सामने होने वाला वह वार्तालाप है, जिसका उद्देश्य तथ्यपूर्ण सूचना प्राप्त करना होता है।"**[3]

लेकिन **करलिंगर** (Kerlinger, 2002) के द्वारा दी गयी परिभाषा अधिक समग्र तथा संतोषजनक है। उनके अनुसार, **"साक्षात्कार आमने-सामने की वह अन्तर्वैयक्तिक भूमिका परिस्थिति है, जिसमें एक व्यक्ति, साक्षात्कार लेने वाला, साक्षात्कार देने वाले व्यक्ति, उत्तरदाता से शोध-समस्या से संगत उत्तर प्राप्त करने के उद्देश्य से नियोजित प्रश्न पूछता है।"**[4]

यह परिभाषा दूसरी परिभाषाओं की अपेक्षा अधिक समग्र तथा संतोषजनक है। कारण, इस आधार पर साक्षात्कार के स्वरूप (nature) को समुचित रूप में समझना सम्भव होता है।

**साक्षात्कार का स्वरूप या विशेषताएँ** (Nature or characteristics of interview)—साक्षात्कार की उपर्युक्त परिभाषाओं के विश्लेषण (analysis) से इसका स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। इसके स्वरूप के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें उल्लेखनीय हैं—

---

1. Interview is a technique through which the interviewer attempts to obtain factual informations from the interviewee in a face-to-face situation. —Author
2. "Interview is a face-to-face conference between the interviewer and the interviewee." —Viteles, 1964
3. "Interview is a face-to-face conversation for the purpose of obtaining factual information." —Chaplin, 1975, P.-269
4. "Interview is a face-to-face interpersonal role situation in which one person, the interviewer, asks a person being interviewed, the respondent, the questions designed to obtain answer pertinent to the purposes of the research problem." —Kerlinger, 2002, P.-481

Scanned with CamScanner

1. साक्षात्कार शोध की एक प्रविधि है। यह एक ऐसा उपकरण (tool) है, जिसका व्यवहार शोधकर्ता प्रदत्त-संग्रह के लिए करता है।

2. साक्षात्कार का उद्देश्य तथ्यपूर्ण सूचना प्राप्त करना है। शोधकर्ता साक्षात्कार का व्यवहार करके अपनी समस्या के अनुकूल संगत सूचनाएँ प्राप्त करता है।

3. साक्षात्कार एक ऐसा वार्तालाप (conversation) है जो साक्षात्कार लेने वाले तथा साक्षात्कार देने वाले के बीच होता है। साक्षात्कार लेने वाला साक्षात्कार देने वाले से आवश्यक प्रश्न पूछता है और साक्षात्कार देने वाला उत्तर देता है। दिये गये उत्तरों के आधार पर आवश्यक सूचनाएँ प्राप्त की जाती हैं।

4. साँक्षात्कार ऐसा वार्तालाप (conversation) है जो आमने-सामने होता है। कारण, साक्षात्कार के समय साक्षात्कार देने वाले तथा साक्षात्कार लेने वाले आमने-सामने होते हैं।

5. साक्षात्कार की एक विशेषता यह है कि साक्षात्कार के समय साक्षात्कार लेने तथा साक्षात्कार देने वाले की भूमिकाएँ (roles) तथा प्रत्याशाएँ (expectaions) निश्चित होती हैं, जिनके अनुकूल वे व्यवहार करते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि साक्षात्कार की कई विशेषताएँ हैं जिनके आधार पर यह शोध की दूसरी विधियों या प्रविधियों जैसे—प्रश्नावली (questionniare), अनुसूची (schedule) आदि से भिन्न है।

## साक्षात्कार के प्रकार
## (Type of Interview)

साक्षात्कार का वर्गीकरण (classification) कई आधारों (bases) पर किया गया है। हम यहाँ कुछ मुख्य आधारों पर आधारित साक्षात्कारों का उल्लेख करने का प्रयास करते हैं।

**(क) औपचारिकता पर आधारित वर्गीकरण** (Classification based on formality)—औपचारिकता के दृष्टिकोण से साक्षात्कार के निम्नलिखित दो प्रकार हैं—

### (i) संरचित साक्षात्कार
### (Structured interview)

इस साक्षात्कार को औपचारिक साक्षात्कार (formal interview), बन्द साक्षात्कार (closed interview) तथा मानक साक्षात्कार (standard interview) भी कहते हैं।

संरचित साक्षात्कार का अर्थ वह साक्षात्कार है जिसमें अनुसूची (schedule) का व्यवहार किया जाता है। साक्षात्कारकर्ता साक्षात्कार के समय सूची के प्रश्नों की संख्या अथवा प्रश्नों की संरचना (structure), क्रम (sequence) तथा भाषा में किसी तरह का परिवर्तन नहीं कर सकता है। **रेबर एवं रेबर** (Reber and Reber, 2001) ने इसकी चर्चा करते हुए कहा है कि **"वह कोई भी साक्षात्कार जिसमें विषय, प्रश्न तथा उनके व्यवहार के क्रम पूर्वनिर्धारित होते हैं, संरचित साक्षात्कार कहलाता है।"**[1]

---

[1] "Structure interview is any interview with a pre-set organization in which the topics, questions, and their order of use are all dtermined in advance."—Reber & Reber, 2001, P-718

संरचित साक्षात्कार की एक मुख्य विशेषता यह है कि यहाँ शोधकर्ता या साक्षात्कारकर्ता अध्ययन के समय अपनी इच्छा से प्रश्नों की संख्या, संरचना, भाषा, क्रम, आदि में किसी तरह का परिवर्तन नहीं कर सकता है। इसीलिए, संरचित साक्षात्कार को बन्द साक्षात्कार (closed interview) कहा जाता है।

संरचित साक्षात्कार की एक विशेषता औपचारिकता (formality) है। यह औपचारिक प्रश्नों (formal questions) पर आधारित होता है। यहाँ विधिवत रूप से प्रश्नों का निर्माण किया जाता है। इसी कारण, इस साक्षात्कार को औपचारिक साक्षात्कार (formal interview) भी कहा जाता है। संरचित साक्षात्कार की एक विशेषता यह भी है कि इसमें जिन प्रश्नों का व्यवहार किया जाता है वे मानक प्रश्न (standard questions) होते हैं। शोधकर्ता या साक्षात्कारकर्ता अनुकूल सांख्यिकीय विधि के द्वारा प्रश्नों को मानकीकृत (standardized) कर लेते हैं। इसलिए, इस साक्षात्कार को मानक साक्षात्कार (standard interview) भी कहा जाता है।

## (ii) असंरचित साक्षात्कार (Unstructured interview)

असंरचित साक्षात्कार को खुला साक्षात्कार (open interview), अमानक साक्षात्कार (unstandard interview) अथवा अनौपचारिक साक्षात्कार (informal interview) कहा जाता है। असंरचित साक्षात्कार काअर्थ वह साक्षात्कार है जिसमें अनुसूची (schedule) का व्यवहार नहीं किया जाता है। यहाँ साक्षात्कार के लिए पहले साक्षात्कार लेने वाला आवश्यकता के अनुसार साक्षात्कार देने वाले से कुछ प्रश्न पूछता है और प्राप्त उत्तरों के आधार पर सूचनाएँ प्राप्त करता है। इस तरह के साक्षात्कार की चर्चा करते हुए रेबर तथा रेबर (Reber and Reber, 2001) ने कहा है कि **"असंरचित साक्षात्कार वह साक्षात्कार है जिसमें विषय अनिश्चित होते हैं और प्रश्नों का स्वरूप साक्षात्कार में भाग लेने वाले के बीच पारस्परिक क्रिया पर आधारित होता है।"**[1]

असंरचित साक्षात्कार की एक विशेषता यह है कि यहाँ साक्षात्कार लेने वालों को छूट रहती है कि वह आवश्यकता के अनुसार प्रश्नों की संख्या, प्रश्नों के क्रम, भाषा, आदि में परिवर्तन ला सकता है। इसलिए, इस साक्षात्कार को खुला साक्षात्कार (open interview) कहते हैं।

असंरचित साक्षात्कार की एक विशेषता यह भी है कि इसके प्रश्न मानक (standard) नहीं होते हैं। यहाँ प्रश्नों को मानकीकृत (standardized) नहीं किया जाता है, बल्कि साक्षात्कार लेने वाला अपनी इच्छा से प्रश्न पूछकर आवश्यक सुचनाएँ प्राप्त करता है। इसलिए, इस साक्षात्कार को अमानक साक्षात्कार (unstandard interview) कहा जाता है।

---

1. "Unstructured interview is an interview in which the topics to be covered are left unspecified at the outset and things are left to the unfolding interaction between the persons involved in the interview."
—Reber and Reber, 2001, P.-778

Scanned with CamScanner

असंरचित साक्षात्कार की एक विशेषता यह भी है कि यहाँ प्रश्नों की रचना विधिवत् रूप से नहीं की जाती है। साक्षात्कार लेने वाला साक्षात्कार के समय ही अपनी इच्छा से परिस्थिति के अनुकूल प्रश्न पूछकर सूचनाएँ प्राप्त करता है। इसलिए, इसे अनौपचारिक साक्षात्कार (informal interview) कहते हैं।

Scanned with CamScanner